**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3295**
**सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 / 25 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**श्रम कल्याण योजनाओं के लिए धन**

**3295. श्री अरविंद धर्मापुरीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना को कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) और कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जैसी विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) तेलंगाना राज्य द्वारा उपर्युक्त निधियों के उपयोग का जिला-वार विशेषकर निजामाबाद जिले का ब्यौरा क्या है; और

(ग) तेलंगाना राज्य में इन योजनाओं से लाभान्वित होने वाले श्रमिकों की संख्या कितनी है, विशेषकर अनौपचारिक और असंगठित क्षेत्रों से संबंधित श्रमिकों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) और (ख): तेलंगाना में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के लिए भुगतान की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गत पांच वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रमिक कल्याण योजनाएं कार्यान्वित की गईं:

i) दिनांक 01.10.2020 से 31.03.2022 के दौरान आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई)। पंजीकृत कर्मचारियों के लिए लाभ, जिसे पंजीकरण से 2 वर्ष तक यानी दिनांक 31.03.2024 तक जारी रखा गया।

ii) दिनांक 01.4.2016 से 31.03.2019 के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई)। पंजीकृत कर्मचारियों के लिए लाभ, शामिल होने की तारीख से 3 वर्ष तक यानी 31.03.2022 तक जारी रखा गया।

iii) मार्च 2020 से अगस्त 2020 के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई)।

जारी..2/-

ये योजनाएं मांग-आधारित थीं और इसलिए धनराशि राज्य-वार आवंटित नहीं की गई। हालाँकि, पिछले पाँच वर्षों के दौरान तेलंगाना में दिए गए लाभों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ग): ईएसआईसी केवल केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित जिलों में संगठित क्षेत्रों (10 या अधिक कर्मचारियों वाले कारखानों / प्रतिष्ठानों) में कार्यरत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। एबीआरवाई, पीएमआरपीवाई और पीएमजीकेवाई योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध (ईपीएफ और एमपी) अधिनियम, 1952 के तहत पंजीकृत प्रतिष्ठानों और कर्मचारियों के लिए भी लागू होती हैं।

* *****

**अनुबंध**

**"श्रम कल्याण योजनाओं के लिए धन" के संबंध में श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा दिनांक 16.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3295 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान तेलंगाना में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत व्यय का ब्यौरा**

(करोड़ रुपये में)

| **वित्तीय वर्ष** | **खाते में भुगतान (ओएपी)*** | **उपयोग/व्यय** | **ईएसआईसी द्वारा अस्पताल के संचालन में व्यय** |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | 215.92 | 211.33 | 282.38 |
| 2020-21 | 266.48 | 225.15 | 372.25 |
| 2021-22 | 348.95 | 225.15 | 479.41 |
| 2022-23 | 252.94 | 367.19 | 463.89 |
| 2023-24 | 251.80 | 313.41 | 428.97 |

स्रोत: कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) निगम

* राज्य कर्मचारी राज्य बीमा योजना को ओएपी के अंतर्गत भुगतान की गई निधियां, अत जिला-वार ब्यौरा उपलब्ध नहीं है।

**पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में एबीआरवाई योजना के तहत व्यय का ब्यौरा**

| **ज़िला** | **लाभ की राशि (रुपये में)** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| आदिलाबाद | 6,15,665 | 1,02,83,630 | 1,40,92,628 | 53,91,202 |
| हैदराबाद | 6,95,38,145 | 91,45,75,220 | 99,72,25,162 | 23,85,81,286 |
| करीमनगर | 25,82,187 | 3,57,30,423 | 3,90,76,528 | 1,09,05,432 |
| खम्मम | 30,01,343 | 3,22,32,727 | 4,27,24,189 | 1,52,70,652 |
| महबूबनगर | 30,37,348 | 5,03,79,456 | 5,80,77,387 | 1,57,50,828 |
| मेडक | 1,88,95,817 | 16,30,81,945 | 14,83,36,266 | 3,11,15,720 |
| नलगोंडा | 32,13,789 | 3,16,33,196 | 4,75,77,708 | 1,94,42,520 |
| निजामाबाद | 7,75,203 | 1,74,99,621 | 2,20,25,296 | 63,15,127 |
| रंगा रेड्डी | 2,96,00,093 | 35,95,57,619 | 37,65,34,051 | 9,03,33,402 |
| वारंगल शहरी | 22,71,769 | 3,30,30,298 | 3,82,29,482 | 1,24,34,902 |

स्रोत: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)

**पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में पीएमजीकेवाई योजना के तहत व्यय का ब्यौरा**

| **ज़िला** | **राशि (रुपये में)** |
|---|---:|
| आदिलाबाद | 3,86,80,368 |
| हैदराबाद | 40,59,97,079 |
| करीमनगर | 6,92,80,356 |
| खम्मम | 3,52,38,492 |
| महबूबनगर | 4,39,17,547 |
| मेडक | 10,09,97,925 |
| नलगोंडा | 5,66,69,397 |
| निजामाबाद | 3,74,49,542 |
| रंगारेड्डी | 17,14,50,355 |
| वारंगल | 6,70,39,694 |

स्रोत: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)

**पिछले पांच वर्षों के दौरान तेलंगाना राज्य में पीएमआरपीवाई योजना के तहत व्यय का ब्यौरा**

| | | | **राशि रु में।** |
|---|---|---|---|
| **ज़िला** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** |
| आदिलाबाद | 92,94,590 | 45,86,206 | 11,67,195 |
| हैदराबाद | 1,09,99,69,185 | 42,00,97,828 | 8,95,41,864 |
| करीमनगर | 2,98,75,785 | 125,72,132 | 32,32,087 |
| खम्मम | 2,86,71,476 | 1,53,66,480 | 40,46,674 |
| महबूबनगर | 5,16,97,367 | 1,63,48,258 | 44,05,567 |
| मेडक | 8,46,22,218 | 3,56,46,421 | 80,73,489 |
| नलगोंडा | 2,69,54,378 | 1,39,76,255 | 32,95,592 |
| निजामाबाद | 9,64,15,242 | 2,29,96,819 | 1,07,24,384 |
| रंगा रेड्डी | 20,49,63,371 | 8,37,73,402 | 2,24,70,365 |
| वारंगल शहरी | 4,65,07,705 | 2,14,93,268 | 61,96,906 |

स्रोत: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)

****